AADHAAR

HINDUSTAN, Dehradun, 7.3.2018

Page No. 4, Size:(8.27)cms X (10.85)cms.

प्रदेश के डाकघरों में अब आधार कार्ड भी बनेंगे

अच्छी खबर

देहरादून | हमारे संवाददाता

अब आधार कार्ड बनवाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पास के ही डाकघर में आधार कार्ड बनवा पाएंगे। मार्च महीने के अंत तक राज्य के 214 डाकघरों में यह सुविधा मिलेगी। अभी तक चुनिंदा डाकघरों में सिर्फ आधार अपग्रेडेशन का काम किया जा रहा था।

मौजूदा समय में आधार कार्ड को सबसे बड़े दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है। अब डाकघरों में आधार बनाने की सुविधा की तैयारी की जा रही है। उत्तराखंड डाक सर्किल अपने 214 डाकघरों में उपभोक्ताओं के लिए आधार बनाने की सेवा शुरू करने जा रही है। अधिकारियों की माने तो मार्च माह में ही इस योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। राज्य में करीब 394 उप डाकघर हैं। जिनमें से 214 को आधार कार्ड बनाए जाने के लिए चुना गया है

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उठाया कदम

आधार कार्ड की अहमियत को देखते हुए राज्य के डाकघरों में भी आधार कार्ड बनवाने के लिए उत्तराखंड सर्किल में 214 डाकघरों को आधार बनाने के लिए चयननित किया गया है। पूरी कोशिश रहेगी कि राज्य के लोगों को डाकघरों से यह सुविधा मार्च महीने से ही मिलनी शुरू हो जाए।

–**विनय कुमार तिवारी**, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखंड